## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–14.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, हजारीबाग और रांची से आठ नक्सली गिरफ्तार, सिमडेगा में एक नक्सली ने किया आत्मसमर्पण।**
- **झारखंड हाईकोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति मामले में एकल पीठ के आदेश को रखा बरकरार, जेपीएससी पर लगाया एक लाख रुपये का जुर्माना।**
- **बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड में राजनीति गरमायी, राजद ने झामुमो को किया किनारे, झामुमो ने गठबंधन धर्म निभाने की दी नसीहत।**
- **विश्व रक्तदाता दिवस पर आज रांची समेत राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन, रेडक्रॉस सोसाइटी ने लोगों से की स्वैच्छिक रक्तदान की अपील।**
- **राज्य में 16 से 18 जून के बीच प्रवेश करेगा मानसून, मौसम विभाग ने इस बार मानसून की स्थिति बेहतर रहने की जतायी संभावना, आज से शुरु हो जायेगी प्री मानसून की बारिश।**

******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने हजारीबाग से टीपीसी के एरिया कमांडर प्रशांत समेत पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से कई अत्याधुनिक हथियार भी बरामद किये गये हैं।

******************

इधर राजधानी रांची के ग्रामीण इलाकों में विशेष अभियान चलाकर पुलिस ने तीन नक्सलियों समेत 121 वारंटियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जिले के 25 थाना क्षेत्रों में एक साथ चलाये गये विशेष अभियान में पुलिस को यह सफलता मिली है।

******************

उधर, सिमडेगा जिले में भी नक्सली अभियान में पुलिस को सफलता मिली है। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एक सदस्य ने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद अरसी ने बताया कि पुलिस को इस नक्सली की लंबे समय से तलाश थी। वह पिछले 20 वर्षों से फरार था।

******************

झारखंड हाईकोर्ट ने गुरुवार को नागपुरी भाषा असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति मामले में जेपीएससी की अपील को खारिज कर दिया है। मामले में फैसला सुनाते हुए हाईकोर्ट ने जेपीएससी पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है और प्रार्थी की नियुक्ति करने का भी आदेश दिया है। जेपीएससी के अधिवक्ता ने बताया कि अभ्यर्थी मनोज कुमार कच्छप का ऑनलाइन आवेदन करते समय परीक्षा शुल्क जमा नहीं हो पाया था। ऐसे में जेपीएससी ने मनोज का आवेदन रद्द कर दिया था। इसे प्रार्थी ने अदालत में चुनौती दी थी।

******************

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड में भी राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गयी है। राज्य में सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक झामुमो ने बिहार की कई सीटों पर अपनी दावेदारी की है। पार्टी के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने गठबंधन धर्म की दुहाई देते हुए कहा कि इस पर राजद के प्रमुख नेताओं बात की जायेगी।

इधर, राजद का कहना है कि बिहार में झामुमो के इंडिया गठबंधन का हिस्सा होने पर संदेह है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कैलाश यादव ने कहा है कि बिहार में झामुमो का कोई जनाधार नहीं है।

कांग्रेस ने भी झामुमो को सीट देने की वकालत की है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा है कि झामुमो को साथ लेकर चलने में ही राजद की भलाई है।

इन सबके बीच भाजपा ने इंडिया गठबंधन पर तंज कसा है। पार्टी विधायक सीपी सिंह ने कहा है कि झामुमो सिर्फ बड़ी–बड़ी बातें करने में विश्वास रखता है।

******************

दुमका जिले में संताल हूल दिवस की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस वर्ष भी दुमका में 30 जून को हूल दिवस का मुख्य समारोह पोखरा चौक पर होगा। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

आज विश्व रक्तदाता दिवस है। इस वर्ष का थीम है–रक्त दें, आशा दें साथ मिलकर हम जीवन बचाते हैं। रांची सहित राज्यभर में जागरुकता के कई कार्यक्रम होंगे। इस बीच इंडियन रेडक्रास सोसाइटी की रांची इकाई के उपाध्यक्ष ने लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की।

*****************

मौसम विभाग ने राज्य में 16 से 18 जून के बीच मानसून के प्रवेश करने की संभावना जतायी है। मौसम विभाग के अनुसार आज से प्री मानसून की बारिश शुरु हो जायेगी और 16 से 18 जून के बीच राज्य में भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है।

*****************

34वीं सीनियर नेशनल वुशु प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड की टीम जयपुर रवाना हो गयी है। यह प्रतियोगिता आज से 19 जून तक आयोजित की गयी है। इसमें देशभर के राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों, सैन्य और अर्धसैनिक बलों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

*****************

**अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अहमदाबाद विमान हादसे से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–अब सख्ती... बोइंग विमानों की हर उड़ान से पहले होगी विशेष जांच, एक ब्लैक बॉक्स मिला, मृतक 275 हुए।

हिन्दुस्तान ने लिखा है–शराब घोटालाः पूर्व उत्पाद सचिव मुकेश कुमार को एसीबी का नोटिस।

प्रभात खबर के शब्द हैं–राज्य की शराब दुकानों का ऑडिट करायेगा वित्त विभाग।

दैनिक जागरण लिखता है–दोनों जीएम ने बड़े अफसरों पर फोड़ा शराब घोटाले का ठीकरा।

********समाप्त********